# प्रसार भारती (भारत का लोक सेवा प्रसारक)
# दूरदर्शन केन्द्र देहरादून–248001(उत्तराखण्ड)

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## निविदा आमंत्रण

दूरदर्शन केन्द्र, देहरादून आवश्यकतानुसार समय–समय पर कार्यक्रमों के निर्माण हेतु किराये पर कैमरा/कैमरा संबंधी उपकरण एवं मल्टी कैमरा सैट अप, ऑडियो कंसोल, लाइट्स, एडिटिंग स्यूट, इत्यादि उपलब्ध कराने हेतु निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इच्छुक फर्में कार्यालय से निःशुल्क प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा निविदा प्रपत्र में अपनी दरें भेज सकते हैं।

निविदा से संबंधित शर्तें एवं निर्धारित प्रारूप पत्र दूरदर्शन केन्द्र के हरिद्वार बाईपास रोड, निकट रिस्पना पुल, देहरादून स्थित कार्यलय से फर्म के लैटरहैड पर लिखित आवेदन के द्वारा दिनांक 21.11.2019 से 02.12.2019 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यक्रम अधिशासी (समन्वय) से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र अहस्तान्तरणीय होगा एवं किसी अन्य फर्म द्वारा भरे जाने पर अमान्य कर दिया जायेगा।

इच्छुक फर्म निर्धारित प्रपत्र में अपनी दरें घोषित कर केवल स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक से इस तरह से भेजना सुनिश्चित करें कि वह दूरदर्शन केन्द्र, देहरादून कार्यालय में दिनांक 05.12.2019 दोपहर 12:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जायें। उसके बाद प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 05.12.2019 को सायं 05:00 बजे कार्यक्रम प्रमुख, दूरदर्शन केन्द्र, देहरादून के समक्ष खोली जायेंगी। इच्छुक निविदाकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते हैं।

कार्यक्रम अधिशासी (समन्वय)